दिनांक : 21.11.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में प्रदेश की पहली मेडिसिटी की रखी आधारशिला।
- 55वां भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इफ्फी में आज हुआ कई फिल्मों का प्रदर्शन, इंडियन पैनोरमा का हुआ उद्घाटन।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 नवंबर को करेंगे वैष्विक सहकारिता सम्मेलन और महासभा का करेंगे उद्घाटन।
- प्रदेश के सभी शहरों में सर्दी की दस्तक, भोपाल में तापमान 10 डिग्री के पास पहुॅंचा।

**मेडिसिटी**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में प्रदेश की पहली मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेडिसिटी की परिकल्पना दी है। इसके अंतर्गत एक ही कैंपस में स्वास्थ्य और चिकित्सा संबंधी विभिन्न सुविधा और समाधान उपलब्ध कराने की व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रदेश में यह परिकल्पना उज्जैन में साकार हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शीघ्र ही 50 मेडिकल कॉलेज होंगे। वर्तमान में प्रदेश में 17 शासकीय मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, 8 निर्माणाधीन हैं और 13 प्राइवेट मेडिकल कॉलेज विद्यमान हैं। राज्य शासन ने 12 मेडिकल कॉलेज की निविदाएं आमंत्रित की हैं, जो कि पीपीपी मॉडल पर संचालित किए जाएंगे।**

**मुख्यमंत्री ने कहा मेडिसिटी में एक ही जगह पर सारी सुविधाएं मिलेंगी।**

**इफ्फी**

**55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव -इफ्फी में आज कई फिल्में दिखाई जा रही हैं और कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज विभिन्न शैलियों की चालीस से अधिक फिल्म दिखाई जा** रही है**। इंडियन पैनोरामा का उद्घाटन समारोह भी आज** हुआ**। इसके बाद फीचर और गैर-फीचर फिल्में दिखाई जा** रही है **। उत्कृष्ट फिल्मों के प्रदर्शन और पैनल चर्चाओं के जरिए प्रतिष्ठित फिल्मी हस्तियां अपने अमूल्य अनुभवों को साझा करेंगी। इसके अलावा फिल्म बाजार का 18वां संस्करण इस महीने की 24 तारीख तक जारी रहेगा। इस बीच कल यह प्लेटफॉर्म दर्शकों को भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक विरासत से जोड़ेगा।**

**इफ्फी ओटीटी**

**प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा है कि नया ओटीटी प्लेटफार्म शुरू करने का कारण केवल स्वस्थ प्रसारण सामग्री उपलब्ध कराना नही बल्कि समाज के सभी वर्गो के लिए उपयोगी कार्यक्रम का प्रसारण करना है। कल गोवा में भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन समारोह के दौरान लोक प्रसारक प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेब्स की शुरूआत के एक दिन बाद मीडिया को संबोधित करते हुए श्री सहगल ने कहा कि इस प्लेटफार्म से दूरदर्शन के सभी संग्रहीत लोकप्रिय कार्यक्रमों का प्रसारण होगा। उन्होंने कहा क्षेत्रीय विरासतों पर निर्मित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी इसमें शामिल किए गये हैं।**

**प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि ओटीटी प्लेटफार्म शुरू करने के पीछे अधिक से अधिक श्रोता-दर्शकों तक पहुंचने की प्रेरणा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रसारक के रूप में प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म का लक्ष्य देश की सभी भाषाओं और बोलियों में कार्यक्रम शामिल करना है। आरंभ में केवल दस भाषाओं में कार्यक्रमों का प्रसारण होगा।**

वैश्विक सहकारिता सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता संगठन के वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सहकारिता मंत्रालय में सचिव डॉ आशीष कुमार भूटानी ने आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहली बार वैश्विक सहकारिता सम्मेलन और महासभा भारत में आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे। छह दिन के इस सम्मेलन की थीम है सहकारिता से सबके लिए समृद्धि।

दीक्षांत समारोह इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में सिबायोसिस स्किल यूनिवर्सिटी के छठवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में भारत में बहुत से उल्लेखनीय काम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नैतिकता सदा ही सर्वोपरि है। शिक्षा के साथ संस्कारों की दीक्षा भी ज़रूरी है। मुख्यमंत्री ने दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सिम्बायोसिस तकनीकी विश्वविद्यालय की चांसलर डॉ. स्वाति मजूमदार ने स्वागत भाषण दिया और कुलगुरु डॉ. विनीत नायर ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

रेल्वे सुरक्षा

रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। भोपाल मंडल ने जनवरी 2024 से अक्टूबर 2024 के बीच रेल सीमा के भीतर धूम्रपान पर रोक लगाने और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए तंबाकू अधिनियम के तहत 3316 मामलों में कार्रवाई करते हुए 6,63,200 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। यह कदम न केवल स्वच्छता

बनाए रखने बल्कि यात्रियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ है। इसके अलावा रेल गाड़ियों और स्टेशन परिसरों में अनाधिकृत रूप से खान-पान सामग्री विक्रय करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए ऐसे अभियान लगातार चलाता रहेगा।

## एनसीसी स्थापना

आज नेशनल कैडेट कोर एनसीसी का स्थापना दिवस है। भोपाल के शौर्य स्मारक पर इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में एनसीसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। एनसीसी संगठन स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों और युवाओं को अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनाने का लगातार काम कर रहा है। एनसीसी के अपर महानिदेशक मेजर जनरल विक्रांत एम दुमने ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## विश्व दूरदर्शन दिवस

आज विश्व दूरदर्शन दिवस है, इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा कि पहले जब गांव में एंटीने वाला ब्लैक एंड व्हाइट टीवी हुआ करता था, उस समय टीवी में रामायण महाभारत आते थे तो जिस घर में टीवी होता था, मोहल्ले के आधे से अधिक लोग उस घर पर इकट्ठे हो जाते थे। उन्होंने बताया कि दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रम मनोरंजन, शिक्षा, आवश्यक जानकारी एवं प्रचार प्रसार से संबंधित होते हैं जिसे हम सहपरिवार देख सकते हैं।

ईपीएफओ - यूएएन

सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को आधार संख्या से जुडे ओटीपी के जरिए कर्मचारियों के लिए यूनिवर्सल अकाउंट नम्बर सक्रिय करने को कहा है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने संगठन को अभियान मोड में इसे पूरा करने का निर्देश दिया है ताकि अधिक से अधिक संख्या में नियोक्ताओं और कर्मचारियों को इस वर्ष के बजट में घोषित कार्य आधारित प्रोत्साहन योजना का लाभ मिल सके। मंत्रालय ने बताया कि पहले चरण में नियोक्ताओं को मौजूदा वित्तीय वर्ष में इस महीने की 30 तारीख तक नियुक्त सभी कर्मचारियों के लिए यूनिवर्सल अकाउंट नम्बर सक्रिय करने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। दूसरे चरण में यूनिवर्सल अकाउंट नम्बर में चेहरा मिलान तकनीक के जरिए बॉयोमैट्रिक पुष्टिकरण शामिल किया जाएगा। इससे संगठन की व्यापक ऑनलाईन सेवाओं तक कर्मचारियों की पहुंच सुनिश्चित होगी और वे पैसा निकालने या ट्रांसफर करने की ऑनलाईन सुविधा सहित अपने भविष्य निधि खातो का प्रभावी प्रबंधन रख सकेंगे।

मौसम

प्रदेश के लगभग सभी शहरों में सर्दी ने दस्तक दे दी है। सुबह और रात को ठंड का असर बढ़ गया है। राजधानी भोपाल में तापमान 10.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो पिछले 10 साल में नवंबर का तीसरा सबसे कम तापमान रहा। इंदौर में 13.9 डिग्री और उज्जैन में 11.5 डिग्री रहा। दोनों ही शहरों में पिछले साल से कम तापमान दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, इस समय जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में बर्फबारी हो रही है। वहीं, पश्चिम-उत्तर भारत में जेट स्ट्रीम हवाएं भी चल रही हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस का भी असर है। ऐसे में उत्तरी हवाएं मध्यप्रदेश में आ रही है, जिससे पारा लुढ़क गया हैं। आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट हो सकती है। आज सुबह ग्वालियर, चंबल और रीवा संभाग के कई जिलों में कोहरा रहा। भोपाल में भी सुबह के समय कोहरा

**छाया रहा। वहीं, पचमढ़ी में सबसे कम तापमान 7.8 डिग्री रहा। मंडला में 9.1 डिग्री, उमरिया में 9.8 डिग्री, नौगांव-राजगढ़ में 10 डिग्री दर्ज किया गया।**

समाचार संक्षेप में .....

- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में महामृत्यूंजय द्वार पर एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह लड्डू प्रसाद ले जा रहे वाहन को केसरिया ध्वज दिखाकर रवाना किया। यह प्रसाद श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव, मिथिला नेपाल में वितरण के लिए अयोध्या श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट रवाना किया गया है।**
- **मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद के द्वारा वर्ष 2024-25 उर्दू पाण्डुलिपियों के प्रकाशन एवं प्रकाशन के लिये आर्थिक सहायता देने के लिये प्रदेश के साहित्यकारों एवं शायरों से उर्दू पाण्डुलिपी 10 दिसम्बर तक आमंत्रित की गई है।**
- **संभागायुक्त नर्मदापुरम के.जी.तिवारी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मतदाता सूची वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 की समीक्षा बैठक ली। संभागायुक्त ने युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने के विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।**

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में प्रदेश की पहली मेडिसिटी की रखी आधारशिला।
- 55वां भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इफ्फी में आज हुआ कई फिल्मों का प्रदर्शन, इंडियन पैनोरमा का हुआ उद्घाटन।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 नवंबर को करेंगे वैष्विक सहकारिता सम्मेलन और महासभा का करेंगे उद्घाटन।

- प्रदेश के सभी शहरों में सर्दी की दस्तक, भोपाल में तापमान 10 डिग्री के पास पहुॅचा।

....................